हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
**रोहतक**, रविवार, 31 दिसंबर 2023

**तापमान**
अधिकतम 14.6 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

सालाना समारोह में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाई धूम 16



छह खंडों के स्कूलों को वितरित की गई 48 हजार किताबें 16



## खबर संक्षेप

### कोर्ट केस वापस नहीं लेने पर व्यक्ति पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की पुराना हमीदा में कोर्ट केस वापस नहीं लेने पर एक युवक ने व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति का आरोपी युवक के भाई के साथ कार्ट केस चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी पुनित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके साथ कॉलोनी के ही काबल सिंह ने मारपीट की थी।

### व्यक्ति पर ढ़ाबे में घुसकर तोड़फोड़ का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी की गांधी धाम कॉलोनी निवासी एक युवक ने व्यक्ति पर उनके ढ़ाबे में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि घटना के बाद से उसकी सोने की अंगूठी व मोबाइल भी गायब है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सोमवार से हथलाना में बहाल होगी बस सेवा

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और ग्रामोदय न्यास के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसामान्य की व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं के प्रभावी निदान का माध्यम बन रही है। एक ओर जहाँ समाज कल्याण विभाग की अलग अलग पेंशनों,आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मान निधि और राशन कार्ड से जुड़ी विभन्नि समस्याओं का मौक़े पर ही गारंटीशुदा समाधान किया जा रहा है, वही सामूहिक समस्याओं पर भी काम हो रहा है।

### हिमस ने विवाद खत्म करवाया

**पानीपत।** मजदूरों व हुडा सेक्टर 18 में कोठी मलिक के बीच विवाद को हिन्द मजदूर सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड पुष्पेंद्र शर्मा ने बैठकर सुलझाने का काम किया और आपसी तालमेल से काम करने की सलाह दी। इस अवसर पर मालिक अंकुश बब्बर, राजू गिरी, रवि व एडवोकेट वैभव शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

## मौसम में बढ़ रही कड़ाके की ठंड से बेहाल हुए लोग

# नहीं थम रहा जिले में घना कोहरा व शीतलहर का प्रकोप

**शनिवार को दिन भर नहीं हुए सूर्य देव के दर्शन, बढ़ती ठंड में मूंगफली का बाजार हुआ गर्म, जिले का तापमान गिरकर न्यूतम पहुचा छह डिग्री सेल्सियस**



**यमुनानगर।** घना कोहरा में सड़कों पर रेंगते हुए चलते हुए दिखाई दे रहे वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में घना कोहरा पड़ने व शीत लहर चलने से लोग ठंड की चपेट में हैं। शनिवार को भी घना कोहरा पड़ने व दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। जिसकी वजह से जिले का तापमान गिरकर अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिससे लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। ठंड बढ़ने से बच्चों और बुजूगार्ें को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, मौसम में बढ़ती ठंड से बच्च व बुजुर्गों समेत अन्य महिलाएं व पुरुष ठंड की बीमारियों से जकड़ने लगे हैं। खास बात यह है कि मौसम में ठंड बढ़ने से मुंगफली की डिमांड बढ़ने से मुंगफली विक्रेता खुश हैं।

शनिवार रात से ही जिले में दिन भर घनघोर कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने और आसमान में बादल छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे रहे। इस दौरान सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीत लहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। लोग दिन भर गर्म वस्त्र लिपटे रहे। ठंड के कारण दिन भर बाजारों की रौनक भी गायब रही। लोगों ने किसी तरह ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाए। वहीं, बच्चे स्कूलों में ठिठूरते हुए पहुंचे। खास बात यह रही कि शनिवार को ठंड की वजह से स्कूलों में बच्चों की हाजिरी काफी कम रही।

### मूंगफली का बाजार हुआ गर्म

मौसम में शीत लहर चलने के कारण जहां बाजार मंदी से गुजर रहे हैं, वहीं, मूंगफली, शक्करकंद, खजूर, सूखामेवा, गाजर का हलवा जैसे गर्म तासीर वाले

खाद्य पदाथार्ें की बिक्री जोरों पर है। इसके अतिरिक्त चाय-पकौड़ा, सूप, चाऊमिन, स्प्रिंग रोल व गाजर का जूस भी खूब बिक रहा है। शाम ढलते ही रेहड़ियों पर जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। दिन के समय गाजर का जूस व चाय पकौड़ा लोगों को खूब भा रहा है।

### ठंड की बीमारियों से जकड़ने लोग

मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से बच्चे व बुजुर्गों समेत अन्य पुरुष व महिलाएं ठंड की बीमारियों जुखाम, बुखार, निमोनिया व खांसी आदि की चपेट में जकड़ने लगे हैं। अस्पतालों में ठंड की बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित ने ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म पानी पिलाने व उनके खानपान का उचित ध्यान रखने के लिए सलाह दी है। वहीं, अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि सर्दी बढ़ने से बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत, छाती इन्फेक्शन, एलर्जी की समस्याएं आती हैं।

### शीत लहर से कांपे लोग, धुंध ने रोकी रफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** ठंड ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। शनिवार को दोपहर तक धुंध रहने से आम जनजीवन प्रभावित रहा। धुंध का असर जीटी रोड पर भी देखने को मिला। धुंध के कारण वाहन रेंगरेंग कर चलते नजर आए। धुंध के कारण वाहन चालक दिन में ही लाईटें जलाकर चलते देखे गए। शनिवार को पूरा दिन सूर्यदेव के दर्शन नही हुए। सुबह कामकाज पर जाने वाले व ऑफिस जाने वाले लोगों को खासी परेशानी हुई। शाम होती ही सड़के वीरान हो गई और लोग घरों में दुबक गए। ठंड के कारण कई लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। धुंध के कारण मार्किट में ग्राहकों के न होने से दुकानदार भी मायूस नजर आए। कोहरे के कारण कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेने अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची, जिसके कारण यात्रियों को ठंड में परेशानी का सामना करना पड़ा। बर्फीली ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। एकाएक ठंड बढ़ने से तापमान भी नीचे लुढ़क चुका है। हालांकि कृषि वैज्ञानिक ठंड को गेहूं के लिए संजीवनी बता रहे हैं। सर्दी का सबसे अधिक असर छोटे बच्चों व बुजुगार्ें पर पड़ रहा है। सर्दी से बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे है लेकिन उन्हें फिर भी कोई राहत नहं मिल रही। सर्दी के कारण मूंगफली व गर्म कपड़ों की डिमांड बढ़ने लगी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं मौसम विशेषज्ञों की माने तो आने वाले समय में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो ठंड अधिक बढ़ जाएगी।



#### ठंड से बचाव के लिए ये करें प्रबंध

घर से निकलते समय गर्म कपड़े अवश्य पहने। सुबह के समय कम से कम दोपहियां वाहनों पर सफर करे। छोटे बच्चों को सुबह व शाम को घर से बाहर ना निकाले। इस मौसम में ठंडी वस्तुओं का प्रयोग ना करे। बच्चे बीमार है तो डाक्टर की सलाह अवश्य ले।

#### धुंध में वाहन चलाते समय ये रखे सावधानियां

सड़क पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है कि आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर चलाएं। वाहन की हैड लाइट को हाइबीम पर न रखे, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती और सामने कुछ नजर नहीं आता। हेड लाइट लो बीम पर रखे। इससे देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा। हाईवे पर सड़कों के किनारे पर बनी सफेट पट्टी को फालो करके भी आसानी से गाड़ी चलाई जा सकती है। वाहन चलाते समय कहीं मुड़ना है तो काफी पहले से इंडीकेटर दें, जिससे दूसरी गाड़ियों को टाइम मिल सके। हेड लाइट बंद करके सिर्फ फॉग लाइट जलाना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि दूर से आने वाले को अकेली फॉग लाइट्स दिखाई नहीं देती। अपने वाहनों में फॉग लाइट आवश्यक तौर पर लगवाएं, यह धूंध को काटने में मददगार साबित होती हैं। वाहन मालिक एवं चालक अपने-अपने वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। ट्रक या टैंपो चालक किसी भी होटल या ढाबे के आगे वाहनों को सड़क पर खड़ा नहीं करें।

---

# मिल में किसानों के नाम पर फ्रॉड करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

गन्ने की बकाया पेमेंट को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) की एक बैठक रेस्ट हाउस में जिला प्रधान नरमैल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में चीनी मिल से किसानों के गन्ने की बकाया तथा मिल प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के गन्ना किसानों के नाम से लिए गए कृषि ऋण को लेकर चर्चा की गई। इन दोनो मुद्दों को लेकर एसडीएम के नाम एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि गन्ने की पेमेंट बारे एसडीएम ने पिछली बैठक में शीघ्र दिलवाने का वायदा किया था तथा 750 किसानों के उपर जो कृषि ऋण है उसमें वे डिफाल्टर बन गए हैं। मिल ने किसानों का पैसा बैंक में वापिस नहीं लौटाया है। इस संदर्भ में थाना शहजादपुर में एक एफआईआर न 242 मिल के अधिकारियों के नाम दर्ज की गई थी परंतु अब तक इन अधिकारियों की कोई गिरफतारी नहीं हुई। मांग की गई कि एफआईआर में जिन अधिकारियों के नाम हैं उनको शीघ्र गिरफतार किया जाए अन्यथा भाकियू आगामी 5 जनवरी के बाद सख्त नर्णिय लेगा। बाद में किसानों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भाकियू के अनेकों किसान उपस्थित रहे।



**नारायणगढ़।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान।

# ज्वैलर्स की दुकान से लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव मतलौडा बस स्टैंड के पास मेन मार्केट में एक ज्वैलर्स की दुकान से चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपए की पुरानी व नई ज्वेलरी चुराकर चोर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची मतलौडा पुलिस ने घटनास्थल का जायजा ले मामला दर्ज किया। मडलौडा बस स्टैंड पर वर्मा ज्वैलर्स के ज्यूलर्स गोपाल कृष्ण वर्मा ने मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार की रात वह अपनी दुकान को ठीक ठाक से बंद कर अपने घर आ गया था। सुबह अपनी दुकान पर गया तो दुकान का शटर ऊपर उठा हुआ था और शीशे के गेट का लाक खुला पड़ा था। अन्दर जा कर देखा तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा और शीशे की सभी अलमारी खुली पड़ी थी। जिसकी सूचना तुरंत डायल 112 को दी। सूचना मिलने पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। दुकान से लाखों रुपये के चांदी व सोने के आभूषण गायब मिले जो चोर चुरा कर ले गए। ज्यूलर्स गोपाल वर्मा ने बताया कि चोर आभुषणों के साथ साथ दुकान में लगे कैमरे की डीवीआर व एलसीडी भी चुरा कर ले गए, ताकि सीसीटीवी फुटेज से पहचान ना हो सके।

### दुकानदारों में दहशत

20 दिन के अंदर बाजार में चोरी की दूसरी घटना होने से दुकानदारों में दहशत का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि 20 दिन पूर्व बाजार में हुई चोरी की वारदात का खुलासा नहीं हो पाया था कि बाजार में दूरी वारदात हो गई। जिसको लेकर दुकानदारों में दहशत बनी हुई है

### कैसे की चोरी की वारदात

ज्यूलर्स ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर ने पहले दीवार तोड़कर सेंध लगाने का प्रयास किया। दीवार तोड़ने में सफलता नहीं मिली तो साथ वाली टेलरिंग की दुकान की झांकी पर लगी जाली तोड़ कर ज्यूलरी की दुकान की चाबी उठा कर गेट का ताला खोल कर दुकान से लाखों रुपये के पुराने व नए आभूषण चुरा कर ले गए ।

### 20 दिन पहले भी बाजार में हुई थी लाखों की चोरी

जिस ज्यूलर्स की दुकान में यह चोरी की वारदात हुई उसके सामने जनरल स्टोर व जूतों की दुकान से 8 दिसंबर को चोरों ने दुकान की छत से सेंध लगा कर लाखों रुपए के नए नोटों की माला व जूते चुरा कर चोर ले गए थे।

---

# चीनी मिल से 7 हजार परिवारों का जलता है चूल्हा

- किसानों का विरोध प्रदर्शन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

शुगर मिल की कुर्की और गन्ना किसानों के 100 करोड़ बकाया को लेकर किसानों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा कि जहां किसानों ने एक तरफ नव वर्ष के अवसर पर अनशन करने का फैसला लिया वहीं किसान गांव-गांव जाकर किसानों के बीच मिल और प्रशासन की पोल खोलने का काम कर रहे हैं। किसानों को एसडीएम दफ्तर के सामने चल रहे धरने प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ढींडसा ने कहा की क्षेत्र के लोगों के लिए मिल एक फैक्ट्री नहीं बल्कि बल्कि 7000 के करीब परिवारों के घर का चूल्हा चलाने और हजारों कर्मचारियों के रोजगार का साधन है लेकिन सरकारी अनदेखी व मिल मालिक की लूट खसोट पूर्ण नीतियों के कारण किसानों व मजदूरों के लिए ही मुसीबत का सबसे नही है बल्कि सरकार के लिए भी सिर दर्द बनी हुई है। सरकार और प्रशासन अपनी जम्मिवारी से पल्ला झाड़ रहे है और कीसानो को उनके हाल पर छोड़कर प्रचार के सहारे हैं। शहीद भगत सिंह यूनियन के उपाध्यक्ष वक्रिम राणा ने कहा की वह कीसानो के प्रति समर्पित हैं और ईमानदारी से उनकी लड़ाई लड़ रहे हैं।



**नारायणगढ़।** धरना प्रदर्शन करते गन्ना किसान।

### डॉक्टर से मारपीट करने वाली एएनएम सस्पेंड

- एसडीओ बिजली निगम को नोटिस जारी, डिपो की रासन सप्लाई सस्पेंड

इसराना। राज्य सभा से सांसद कृष्ण लाल पंवार ने गांव मांडी पीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ राजीव सिंगला के साथ मारपीट करे की आरोपी एएनएम गुणवती को पद से निलंबित कर दिया है। वहीं पंवार ने गांव गवालडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा और जनसंवाद कार्यक्रम में जनसुनवाई की। इधर, बिजली विभाग से संबंधित शिकायत आने पर जब एसडीओ इसराना को पुकारा गया तो उनके स्थान पर एएलएम मिलने पर सांसद पंवार ने एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# गुढ़ा गैस प्लांट में ट्रक व टैंकर चालकों ने की हड़ताल

- ट्रक चालकों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले नए कानून के विरोध में गुढ़ा गैस प्लांट में कार्यरत हजारों ट्रक व टैंकरों चालकों ने हड़ताल शुरू कर दी। ट्रक चालकों ने चक्का जाम करते हुए गुढ़ा गैस प्लांट के गेट के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस कानून को लेकर आमजन में भी रोष है।

शनिवार को गुढ़ा गैस प्लांट में कार्यरत हजारों ट्रक में टैंकर चालक गैस प्लांट के मेन गेट के सामने एकत्रित हो गए। उन्होंने गेट के सामने टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।



ट्रक चालक कर्मवीर सुरेंद्र वक्रिम सुरेश आदि ने बताया कि सरकार द्वारा हाल ही में हिट एंड रन कानून में नया प्रावधान किया है जिसके चलते अगर कोई ट्रक या टैंकर चालक जीटी रोड पर चलता है और उसके नीचे गलती से कोई व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है या उसकी मौत हो जाती है तो नए नियमों के अनुसार ट्रक चालक को 10 साल की कैद या कम से कम 7 लाख रुपए जुर्माना किया जाएगा। जिसके कारण ट्रक या टंकरो चालकों में सड़क पर गाड़ी चलाने में ही खौफ पैदा होने लगा है। ट्रक चालकों का कहना है कि वह जीटी रोड पर दिन रात चलते हैं और कोई भी ट्रक या अन्य वाहन चालक जानबूझकर किसी का एक्सीडेंट नहीं करता। पहले कानून में यह प्रावधान था कि अगर किसी ट्रक या टैंकर चालक से गलती में कोई एक्सीडेंट हो जाता है और या कोई उसके ट्रैक या टैंकर के नीचे आकर कोई व्यक्ति मर जाता है तो उसको न्यायालय द्वारा जमानत दे दी जाती थी।

### घरेलू गैस की किल्लत बढ़ने की आशंका

बता दे की गुढ़ा गैस प्लांट में हजारों की तादाद में ट्रक या टैंकर प्रतिदिन गैस सिलेंडर का आवागमन करते हैं। ट्रक चालकों द्वारा अचानक ही हड़ताल पर चले जाने से आने वाले समय में घरेलू गैस की भी की कल्लित बढ़ जाने के आसार हैं। ट्रक चालकों ने मांग की है कि सरकार इस नियम में संशोधन कर चालकों के भविष्य के बारे में अवश्य सोचे।

---

## 5366 अभ्यार्थियों में से 4148 अभ्यार्थियों ने दी परीक्षा, 1218 अभ्याथी रहे अनुपस्थित

# सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा जिला में शांतिपूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा जिला में शांतिपूर्वक हुई। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई। परीक्षा के नोडल अधिकारी एसडीएम सुरेंद्र पाल ने बताया कि परीक्षा के लिए 5366 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से 4148 अभ्याार्थियों ने परीक्षा दी व 1218 अभ्याथी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए सुबह के सत्र में 3858 परीक्षार्थी व सायं के सत्र में 1508 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया हुआ था। सुबह के सत्र में 2804 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी व 1054 अभ्यार्थी अनुपस्थित रहे। वही सांय के सत्र में 1344 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी व 164 अनुपस्थित रहे। सुबह के सत्र के लिए 15 व सांय के सत्र के लिए 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए। सुबह के सत्र में सवा 10 बजे परीक्षा शुरू हुई व दोपहर के सत्र में सवा 3 बजे परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले ही परीक्षार्थी अपने-अपने सेंटरों पर पहुंचने शुरु हो गए थे। सुबह के सत्र में कुछ परीक्षार्थी कड़कड़ाती ठंड में अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे तो कई परीक्षार्थी शुक्रवार शाम को ही पहुंच गए थे जोकि धर्मशालाओं व होटलों में ठहरे।



**कुरुक्षेत्र।** परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 रही लागू

परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू रही व आसपास फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रही। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए। प्रशासन परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैदी से तैनात रहा। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की गई। सीसीटीवी से परीक्षा केंद्रों पर विशेष तौर पर निगरानी रखी गई। बायोमेट्रिक तकनीकी से परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

### परीक्षार्थियों की गहनता से जांच की

परीक्षा के मध्यनजर जिला में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की गहनता से जांच की गई। अभ्यर्थियों को एग्जाम हॉल में ही पेन दिया गया। केंद्र के अंदर अभ्यार्थियों ने पर्यवेक्षक की मौजूदगी में एडमिट कार्ड पर दी गई जगह पर अपने साइन और अंगूठे का निशान लगाया। अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट, अंगूठी, चेन, कान की बाली आदि पहनने वाले आभूषण, पेन, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर और करेक्शन फ्लूड इत्यादि कुछ भी सामान नही ले जाने दिया गया।

# सीएससी के संचालक से 1.30 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

कार सवार बदमाशों ने कामन सर्विस सेंटर यानि सीएससी के संचालक राहुल निवासी बाबरपुर मंडी से 1.30 रूपये की नगदी लूट ली। घटना शनिवार रात साढ़े नौ बजे के करीब की है, जब वो गांव फरीदपुर स्थित अपने सेंटर को बंद करके घर लौट रहा था। तभी बदमाशों ने टीडीआइ पुल के ऊपर उसकी बाइक के सामने अपनी कार लगाई और पिस्तौल दिखा पैसे वाला बैग छीनकर फरार हो गए। वहीं राहुल ने डायल 112 के जरिये सूचना पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। इधर, राहुल ने सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी। उसका गांव फरीदपुर में सिंगला कम्यूनिकेशन के नाम से मोबाइल, मनी ट्रांसफर व सीएससी सेंटर है। वहीं टीडीआइ पुल के ऊपर पहुंचा तो पीछे से सफेद रंग की गुजरात नंबर की कार आई। कार चालक ने उसकी बाइक को ओवरटेक करते हुए अपनी कार को बाइक के आगे अड़ा दिया। वो कुछ समझ पाता, इससे पहले ही कार से दो युवक नीचे उतरे। उनमें से एक के पास पिस्तौल थी। दोनों उसके साथ हाथापाई करने लगे।

## खबर संक्षेप

### नववर्ष के जश्न पर पुलिस की पैनी नजर

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक करनाल शशांक कुमार सावन, आईपीएस ने जिला वासियों को नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष आगमन अवसर पर आम जनता द्वारा हर्षोल्लास/जश्न मनाया जाता है। नए साल 2024 के शांतिपूर्ण जश्न मनाने व आमजन की सुरक्षा और बिना किसी समस्या या परेशानी के यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए आमजन के लिए यातायात संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं।

### खेलों में भाग लेने से होता शारीरिक विकास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तरीय मात्सोगी-डू तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि वाइस चांसलर आरएस यादव रहे। उनके स्वागत में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर:3 के छात्रों द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया। लगभग 18 राज्यों से विभिन्न आयु वर्ग की छात्राओं ने अपने-अपने कोच के साथ वहां आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी: सचिन

**लाडवा।** साईग्रेस इंटरनेशनल स्कूल ने समालखा रोड पर स्थित अपने फार्म हाउस में पहले वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सचिन गर्ग ने शिरकत की। स्कूल के सभी बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर खेलकूद के प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में अलग-अलग तरह की कई गेम्स हुई जैसे की 50 मीटर रेस, फ्रॉग रेस, स्केटिंग, और इसी के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति पर एक प्रस्तुति भी स्कूली बच्चों द्वारा दी गई।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 3 जनवरी को

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 3 जनवरी 2024 को सायं 4 बजे न्यू लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस मासिक बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के स्थानीय निकाय एवं आवास मंत्री डा. कमल गुप्ता करेंगे। इस मासिक बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों और अधिकारियों को भेज दिया गया है। यह जानकारी उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी समय रहते बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

बीत गया झूठे लारे देने का समय: हरविंद्र कल्याण

# मोदी की गारंटी लेकर बलहेड़ा और खरकाली पहुंची विकसित भारत यात्रा

### भविष्य में बीपीएल कार्ड धारकों के लिए सरकार बनाएगी मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव बलहेड़ा और खरकाली पहुंची। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा में एक समय था जब जनता को बहकाने के लिए कर्ज और बिजली बिल माफ करने जैसे झूठे वादे किए गए लेकिन अब वह समय बीत गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले इसीलिए सरकार आज यात्रा के माध्यम से गांवों में पहुंच रही है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि समाज को बांटने के लिए बहुत से लोग आपके बीच में आएंगे। इनसे पूछना कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने समाज हित में क्या किया? भाजपा झूठ में विश्वास नहीं रखती। उसकी कथनी और करनी एक है।

गांव बलहेड़ा पहुंचने पर सरपंच सागर और खरकाली में सरपंच कर्मबीर ने विधायक का स्वागत किया। कल्याण ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले ग्रामीणों को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी फिल्म दिखाई गई। बिजेंद्र नरवाल व उनकी पार्टी ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये। विधायक ने बलहेड़ा और जगदीश राणा ने खरकाली में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रपति बनने की शपथ दिलाई।

विधायक कल्याण ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य तेजी से जारी हैं। सरकार का प्रयास है कि सामूहिक विकास कार्यों के साथ-साथ पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले। यदि कोई पात्र व्यक्ति अभी तक योजना का लाभ नहीं उठा सका है तो वह आज गांव पहुंची मोदी की गाड़ी के माध्यम से उठा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री को गरीब हितैषी व राष्ट्रभक्त बताते हुए कहा कि श्री मोदी ने पीएम पद संभालते ही गरीबों के कल्याण की योजनाएं बनानी शुरू कर दी थीं। इन योजनाओं का लोगों को फायदा भी पहुंचना शुरू हो गया है। अब कांग्रेस शासन की तरह करोड़ों के घोटाले सुनने को नहीं मिलते। जनता नेताओं को वोट इसलिए देती है कि वे समाज की सेवा करें, न कि अपना घर भरें। श्री कल्याण ने आयुष्मान भारत योजना, दयालु योजना, उज्ज्वला योजना, गरीब परिवारों की बेटियों के लिए मुफ्त शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि आज गरीब व्यक्ति भी साल में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कर सकता है। सरकार ने 800 प्राइवेट अस्पतालों को पैनल पर लिया है। परिवार पहचान पत्र बनने से प्रदेश में 19 लाख नए बीपीएल कार्ड बने हैं। इन्हें आने वाले समय में सरकार मकान भी बना कर देगी। अकेले बलहेड़ा गांव में 200 नये बीपीएल कार्ड बने हैं। पहले यहां 306 बीपीएल कार्ड धारक थे। सरकारी नौकरियां मेरिट पर दी जा रही हैं। करनाल चीनी मिल का जिक्र करते

**पांच बीपीएल कार्ड बनाए:** बलहेड़ा में आज रफत अली, मंगाराम, जमील, प्रभजोत कौर और महिपाल के बीपीएल कार्ड बनाए गए। खरकाली में 25 आयुष्मान और एक बीपीएल कार्ड तथा एक व्यक्ति की पेंशन बनाई गई।

**उज्ज्वला के तहत गैस कनेक्शन:** इस अवसर पर बलहेड़ा गांव में महमूद, मुशय्यदा और जुल्फाना को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। साथ ही सलेमन, साहिदान और हनीशा की पेंशन बनाई गई। विद्यार्थी सम्मानित- बलहेड़ा में मेधावी विद्यार्थी गालिब, अनु, अवनी, आशु, सना, अंशु, मिसबा व अंजलि तथा चित्रकला प्रतियोगिता की विजेता प्रीति, ईरम, मानवी, महक, और आईशा को विधायक ने सम्मानित किया।

**महिलाओं को किया जागरूक:** खरकाली में सुपरवाइजर कंचन ने महिला एवं बाल विकास की विभिन्न योजनाओं के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। आयूष विभाग के चिकित्सकों डा अंजना व शीतल ने करीब 70 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर जरूरतमंदों को दवा दी।

**ये रहे मौजूद:** बलहेड़ा में बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, सरपंच प्रतिनिधि सुकरामपाल के अलावा संजय खैन्ची, गुलाब कश्यप और खरकाली में भाजपा जिला संयोजक जगदीश राणा, सरपंच कर्मबीर, डा अंजना, डा शीतल, योग सहायक रीटा, भाजपा जिला सचिव मंजू खैन्ची, फार्मासिस्ट अशोक, सुपरवाइजर कंचन, रीटा, राजेंद्र सिरसी, धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम जन्मभूमि से पहुंचेगी अक्षत



**नीलोखेड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा नीलोखेड़ी के संरक्षक अजय शर्मा ने बताया कि अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि से अक्षत कलश यात्रा चलकर 31 दिसम्बर सुबह 11:30 नीलोखेड़ी पहुँचेगी जिसका स्वागत सम्पूर्ण समाजिक व धार्मिक संस्थानों द्वारा नजदीक पुलिस चौंकी किया जाएगा।उन्होंने शहर के आमजन से निवेदन किया कि पुनीत कार्य में अधिकांश सहयोगी लोग सहयोगी बन अपना जीवन सफल बनाएं।उन्होंने कहा कि अक्षत शोभायात्रा सम्पूर्ण नगर का भ्रमण कर सनातन धर्म मन्दिर नीलनगर पहुंचेगी और मन्दिर में कलश की स्थापना होगी।



## 33 बच्चों को थिएटर कला का गहन प्रशिक्षण दिया

■ दून इंटरनेशनल स्कूल में थिएटर इन एजुकेशन कार्यशाला का समापन, बच्चों ने सीखी बारीकियां

हरिभूमि न्यूज़ करनाल

राष्ट्रीय स्तर पर प्रतष्ठिति नाट्य संस्थान नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा जहां से नसीरूदीन शाह, अनुपम खेर, राज बब्बर ,शबाना आज़मी, रत्ना पाठक शाह, पंकज त्रिपाठी, राजपाल यादव और पंकज कपूर सहित अनेकों बड़े नाम फ़ल्मि इंडस्ट्री के सितारे बन कर निकले है और जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशष्टि पहचान रखता है द्वारा करनाल के दून इंटरनेशनल स्कूल में थिएटर इन एजुकेशन विषय पर पंद्रह दिवसीय कार्यशाला का प्रभावी आयोजन एनएसडी के वरष्ठि फैकल्टी मेंबर हफ़ीज़ खान और विवान खान के निर्देशन में आज दून स्कूल प्रांगण में सम्पन्न हुआ, इस कार्यशाला की विशेषता दून स्कूल के 33 बच्चों को थिएटर कला का गहन प्रशक्षिण देना रहा, इन सभी बच्चों द्वारा विभन्नि प्रस्तुतियों का अत्यंत प्रभावी मंचन कर उपस्थित सभी गणमान्य अथितियों, अभिभावको और अपने शक्षिकगण को आश्चर्यचकित, भावविभोर और अचंभित कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा कला परिषद के अतिरक्ति निदेशक श्री नागेंद्र शर्मा तथा विशष्टि अतिथि के रूप में राष्ट्रीय नाट्य संस्थान के कोऑर्डिनेटर पंकज ध्यानी और हिफ़ा संस्थान के प्रमुख डॉ पीयूष सिंह, निफा प्रमुख प्रितपाल सिंह पन्नू, प्रसद्धि रंगकर्मी संजीव लखनपाल और के के मलिक, दून ग्रुप ऑफ स्कूलज़ के निदेशक कुलजन्दिर मोहन सिंह बाठ, मैडम अमर कौर, स्वर्ण कौर , सरोज ग्रोवर, वीना शर्मा व बड़ी संख्या में कार्यशाला में भाग ले रहे बच्चों के अभिभावकगण उपस्थित थे। हरियाणा कला परिषद के अतिरक्ति निदेशक नागेंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय नाट्य वद्यिालय द्वारा पहली बार दल्लिी के अपने कैंपस के अतिरक्ति करनाल के दून इंटरनेशनल स्कूल परिसर में पंद्रह दिवसीय कार्यशाला आयोजन को दुर्लभ बताते हुए दून स्कूल के हरे भरे कैंपस व यहाँ के योग्य व प्रतिभाशाली वद्यिार्थियों के कार्य प्रदर्शन को अद्वितीय बताया।

## भागवत जीवन का दर्पण एक आदर्श संहिता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



समस्त भागवत भक्तवृंद करनाल की ओर से श्री कर्णेश्वरम् महादेव मंदिर सेक्टर सात में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथा सुनाते हुए पंडित शिवम विष्णु जी पाठक ने कहा कि भागवत जीवन का दर्पण है। यह जीवन की एक आदर्श संहिता है। इसके केवल श्रवण मात्र से कल्याण नहीं, बल्कि आचरण में लाने पर ही भागवत फलदायी होगा। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है। बस आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ श्रवण करने की। भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण की कृपा पाने का सबसे सरल माध्यम है। भगवान श्री कृष्ण सत्य और सर्वेश्वर हैं। सी.पी. गोयल ने बताया कि कथा का आयोजन 31 दिसंबर तक किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा

## श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का वार्षिकोत्सव में जलवा

■ विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी





शैक्षणिक गतिविधियों में लोहा मनवाने वाले तरावड़ी के श्रेष्ठतम विद्यालय श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट द्वारा शहर के जाने-माने सेलिब्रेशन पैलेस में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक डॉ ओ॰ पी॰ शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत प्रथम पूज्य गणेश जी व विद्या दायिनी मां सरस्वती वंदना से की गई। मुख्य अतिथि डॉ ओ॰ पी॰ शर्मा ने कहा कि इस विद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राएं कई नामी अधिकारी के रूप में सरकार के उच्च पदों पर रहे हैं। उन्होंने छात्रों को उनके नक्शे कदम पर चल कर आगे बढने की प्रेरणा लेने की अपील की । मुख्य अतिथि ने पढ़ाई, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे सभी बच्चों को बधाई व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक डॉ राकेश शर्मा ने अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा उप प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट में वर्षभर की उपलब्धियों तथा विद्यालय की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने चाइल्डहुड डांस, ग्रैंडपेरेंट्स, वल्ड बार्बी वल्ड, सोल्जर डांस, हरयाणवी कल्चर , वेलकम डांस, पंजाबी डांस, दुर्गा पूजा, ग्रेट वॉरियर झांसी की रानी, फाइव एलिमेंट्स ऑफ़ लाइफ आदि एक से बढक़र एक आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

## वैट की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम से व्यापारियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



■ मुख्यमंत्री कल व्यापारियों को देंगे बड़ा तोहफ़ा

वरष्ठि कर अधिवक्ता व हरियाणा टैक्स बार के प्रदेश महासचिव संजय अरोड़ा ने कहा कि 31 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व्यापारियों को बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं। इसके लिए वरष्ठि कर अधिवक्ता संजय अरोड़ा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। संजय अरोड़ा ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसंबर को मुख्यमंत्री गुरुग्राम में वैट कानून के तहत बकाया के निपटान के लिए चिर प्रतक्षिति वन टाइम सेटल्मेंट स्कीम की घोषणा करेंगे। इस स्कीम से व्यापारियों को वैट टैक्स के देय बकाया करों के भुगतान में छूट व ब्याज, पेनल्टी माफी की घोषणा की अपेक्षा है। इसकी घोषणा से सरकार के बकाया वैट टैक्स की शीघ्र वसूली का रास्ता साफ़ हो जाएगा। कल गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शरीक होकर एक मुश्त व्यवस्थापन स्कीम 2023 का शुभारंभ करेंगे।

## जरूरतमंदों की मदद कर रही भाविप

■ भारत विकास परिषद ने बच्चों को जूते वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



स्थानीय स्कूल राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर करनाल का भारत विकास परिषद से माधव शाखा करनाल के सदस्यो की टीम का अवलोकन किया और बच्चों को जूते वितरित किए। मुख्य शिक्षक राम निवास सोलंकी की अध्यक्षता में अतिथियों का स्वागत किया गया । सोलंकी ने बताया की भारत विकास परिषद की टीम समय समय पर सहयोग करती रहती है । विद्यालय में संस्था द्वारा बच्चों को जूते वितरित किए गए।अध्यापक बलविंदर व महेन्दर ने सयुंक्त रूप से भारत विकास परिषद के बारे मे विस्तार से बताया की। माधव शाखा के अध्यक्ष पायल आनंद चौधरी व गौरी दत्ता ने सयुक्त रूप से बताया कि हमारी शाखा लगातार बच्चों की सहायता करती रहती है । जो बच्चे पढ़ाई मे अच्छे अंक लेते है या जो अध्यापक उत्कृष्ट कार्य करते है उनको सम्मानित करती रहती है। इसकी निरंतरता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल प्रेम नगर करनाल के 10 बच्चों को और 7 अध्यापकों को प्रशंसा पत्र दे कर सम्मानित किया । डा. करुणा अरोड़ा व एस एस सिंघल द्वारा भारत विकास परिषद की शपथ दिलाई गई । अध्यापक योगेश व तेजबीर ने बताया कि हमारे विद्यालय के अध्यापकों मे भी सहयोग कि भावना है जो समय-समय पर बच्चों की सहयता करते रहते है। नूतन नारंग व सुभाष नारंग ने बताया कि हमारे पैरो से चला नहीं जाता है, लेकिन जब इस विद्यालय कि बात होती है।

### पार्श्व जन्म कल्याणक पर भजन संध्या आज

**करनाल।** जैन परंपरा के तेईसवें तीर्थंकर श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में एक शाम प्रभु पार्श्व के नाम भजन संध्या भारत संत गौरव पीयूष मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में रविवार, 31 दिसंबर को तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है जिसकी अध्यक्षता नवीन जैन ( अरिहंत ट्रेडर्ज, अंबाला छावनी ) करेंगे। झंडा फहराने की रस्म प्रधान अशोक जैन, कमीशन एजेंट मुलाना के करकमलों से होगी और प्रभु पार्श्व दरबार का अनावरण समाजसेवी पुनीत जैन, कमीशन एजेंट बनूड़ वाले संपन्न करेंगे। दोपहर लंगर की सेवा जैन एंड कंपनी प्रॉपर्टीज, करनाल की ओर से रहेगी।

## युवा खेल महोत्सव के तहत कराई प्रतियोगिता

■ पुलिस अधीक्षक करनाल शशांक कुमार सावन ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में युवा खेल महोत्सव मुहिम चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार और जिला पुलिस अधीक्षक करनाल शशांक कुमार सावन के नर्दिशन जिला पुलिस और गांव वासियों के सहयोग से ऊंचा समाना के खेल स्टेडियम में एक खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में कब्बड्डी, रेस, रस्सा-कस्सी, वॉलीबाल आदि खेलों में जिले के करीब 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन आउटरीच प्रोग्रामों के तहत जिला करनाल सहित प्रदेश भर में समय-समय पर विभन्नि प्रोग्राम जैसे नशा जागरूकता अभियान, विभन्नि प्रकार के खेल आदि आयोजित करवाए जा रहे हैं। कबड्डी खेल के फाइनल मैच से पहले पुलिस अधीक्षक करनाल ने सभी खिलाड़ियों से परिचय किया और उनको शुभकामनाएं दी। खेल की अलग-अलग स्पर्धाओ में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## सर्दी का प्रकोप: बच्चों को बांटे जूते, जर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर और चारो साहिबजादो के महान बलिदान की पुण्य स्मृति में राजकीय प्राथमिक पाठशाला सरकारी स्कूल गांव फैजअलीपुर माजरा घरौंडा में पढ़ने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को ठंड के मौसम से बचाव के लिए निःशुल्क जर्सी एवं जूते (शूज) वितरण कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला के प्रगतिशील और कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग कनिष्क गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर लिबर्टी ट्रेंड्स घरौंडा पंकज गोयल गणेश एग्रो फूड्स घरौंडा तथा सुरेन्द्र सिंगला पूर्व चेयरमैन नगरपालिका घरौंडा का रहा। शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला एवं सुरेन्द्र सिंगला तथा स्कूल मुख्य अध्यापक दीपक सिंगला की गरिमामई उपस्तिथि में 65 जरूरतमंद बच्चों को गर्म जर्सी और जूते वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को सफल बनने के लिए कड़ी मेहनत और लगन करनी पड़ती है सफलता बिना किसी समस्या के नहीं मिलती क्योंकि सफलता की राह कई बाधाओं से भरी होती है सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को जीवन में दृढ़ निश्चयी होना चाहिए और उस लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक योजना बनानी चाहिए विद्यार्थी को अपने जीवन में मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय ने गुरु गोबिंद सिंह के चारो साहिबजादो के महान बलिदान के बारे में सभी को बताया तत्पश्चात सुरेन्द्र सिंगला ने अपने वक्तव्य में परिषद् द्वारा किए इस नेक कार्य की अतुलनीय प्रशंसा की।

ग्रामीण अंचल में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को लेकर किया जाएगा जागरूक

## नशे की लत से दूर रखने के लिए युवाओं को खेलों से जोड़ेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



■ युवाओं को नशे के बजाएं खेलों में रूचि दिखानी चाहिए : एसपी

हरियाणा पुलिस ग्रामीण अंचल के बढ़ती नशे की लत व आपराधिक प्रवृत्ति से रोकने के लिए युवाओं को खेलों से जोड़ेगी । अब गांव मे पुलिस के कोच और खिलाड़ी गांव में युवा खिलाड़ियों की टीम तैयार करेंगे । भावी पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करने और उन्हें नशे में अपराध की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए हरियाणा पुलिस ने यह मुहिम शुरू की है । करनाल जिले में दस हजार युवाओं को इस शामिल किया जाएगा । शनिवार को गांव ऊंचा समाना में आयोजित पुलिस गेम्स में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए करनाल जिले के एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि सही दिशा के अभाव में भटक रहे युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए पुलिस ने यह मुहिम शुरू की है । करनाल जिले के गांव में जाकर हरियाणा पुलिस के बेहतरीन खिलाड़ी और प्रशिक्षित कोच युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देंगे और उन्हें खेलों की तकनीक के बारे में बताया जाएगा । जिला पुलिस ने इस मुहिम में 10000 युवाओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा है और अब तक 500 से ज्यादा खिलाड़ियों की टीम बनाई भी गई है । एसपी ने कहा कि ग्रामीण अंचल के युवा भटक कर नशा और अपराध की तरफ चले जाते हैं ऐसे में पुलिस की उनके बीच मौजूदगी मौजूदगी युवाओं के अच्छे भविष्य और उनके बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य के निर्माण का काम करेगी । इस अवसर पर एसपी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और विभिन्न ग्राम पंचायत से आए सरपंचों को इस मुहिम में योगदान देने के लिए सम्मानित भी किया।

## खबर संक्षेप

### जनहितैषी पार्टी है इनेलो

**पानीपत।** इनेलो के पानीपत जिला शहरी अध्यक्ष कपिल बुद्धिराजा ने कार्यकारिणी घोषित की है। वहीं 25 सदस्य जिला कार्यकारणी में सभी वर्गों को शामिल किया गया है। वही पानीपत शहरी क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है। जिसमें तहसील कैंप जोन, शहरी जोन, हुडा जोन, किशनपुरा जोन व मॉडल टाउन जोन शामिल है। जिसमें 10-10 सक्रिय सदस्य भी नियुक्त किए गए हैं। वहीं कपिल ने दावा किया कि इनेलो जनहितैषी पार्टी है।

### छात्र देव ने जीता कांस्य पदक

**पानीपत।** एमएएसडी पब्लिक स्कूल के छात्र देव ने राष्ट्रीय स्तर पर शिमला में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में देश भर से अनेक स्कूलों से आए हुए हजारों प्रतिभागियों को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। प्रधानाचार्या डॉ.बबीता ने देव का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### सनौली में कंबल वितरण आज

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली खुर्द की अनाज मंडी में 31 दिसंबर को द्वितीय चरण के कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हलके के सभी बड़े बुजुर्गों एवं महिलाओं का सम्मान मुख्य अतिथि जनसेवक शशिकांत कौशिक द्वारा कंबल वितरित कर किया जाएगा।

### महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** समाज में महिलाओं और लड़कियों के प्रति बढ़ते हुए अपराधों के प्रति छात्राओं में जागरूकता लाने के लिए एस डी विद्या मंदिर हुडा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की तरफ से मुख्य वक्ता रेणु तथा ज्योति ने छठी से बारहवीं तक की छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को वुमेन चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में बताया कि बच्चे असुरक्षित होने पर वुमेन चाइल्ड हेल्पलाइन में फोन कर सकते हैं।

### भाजपा हर वर्ग की सच्ची हितैषी

**पानीपत ।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने मॉडल टाउन स्थित वार्ड 20 और 21 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बात और मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने हर परिवार को एक परिवार पहचान पत्र दिया है ताकि पात्र लोगों को प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके।

### विवि के कुलपति को पत्र लिखा

**पानीपत।** खिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा, महाविद्यालय शिक्षा द्वारा हरियाणा राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालय जिसमें मुख्यत गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी एवं गुरुग्राम विवि गुरुग्राम के कुलपति को पत्र लिखकर हरियाणा राज्य में स्थित राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को पीएचडी सुपरवाइजर बनाने के लिए आग्रह किया गया।

## आर्य बाल भारती में वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

# आज का युग विज्ञान व नई तकनीकी का युग : रणदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आर्य रणदीप कादियान आदि।

आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में वार्षिक वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी नामक एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विज्ञान उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान एडवोकेट आर्य रणदीप कादियान रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में उप प्रधान आर्य रवि अहलावत, प्रबंधक रामपाल जागलान, जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी, प्रबंधक जसवीर आर्य शामिल रहे। वहीं विशेष अतिथियों में कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक, ज्ञानी राम आर्य, उप प्रधान ओम दत्त आर्य, अर्छी अहलावत मौजूद रही। वहीं प्राचार्य सत्यवान मलिक ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि आर्य रणदीप कादियान ने विद्यालय के उन सभी अध्यापकों को इस विज्ञान प्रदर्शनी की सफलता पर विशेष बधाई दी। जिन्होंने इस विशाल वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी को तैयार करवाने में दिन-रात मेहनत की। जिनमें डॉ. कांता चहल, अनीता घनघस, मीनाक्षी, सरिता, सीमा रामदेव, नवीन, दीपक, मनीषा, शांतनु ,संदीप शर्मा, अंकुर गुप्ता, जगदीश चहल, सुनील, प्रवीण आर्य, आशा, नीतू चौधरी, सोनिका दहिया, उर्मिला मलिक आदि शामिल हैं। वहीं गुरुग्राम के पूर्व सांसद और आर्य समाज के महान विद्वान प्रकाश वीर शास्त्री की जयंती भी मनाई गई। प्रदर्शनी की विशेषता यह रही कि इस प्रदर्शनी को देखने जहां पानीपत जिला की सभी आर्य शिक्षण संस्थानों की प्रबंधन समितियों के पदाधिकारी और अध्यापक पहुंचे। मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि आज का युग विज्ञान और नई तकनीकी का युग है। ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने प्राचीन काल से ही अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वहीं विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि वह इस वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी को देखकर विज्ञान के प्रति अत्यधिक आकर्षित हुई है। वहीं आज की इस विशाल वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 250 छोटी बड़ी प्रदर्शनियां लगाई गई थी। प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए अतिथियों ने विद्यार्थियों व टीचर्स के प्रयासों की जमकर सरहाना की।

# भाजपा-जजपा सरकार हर मोर्चा पर फेल : डा. नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- प्रदेश में बेरोजगारी व क्राइम चरम पर हरियाणा में विकास कार्य ठप

युवा इनेलो हरियाणा के प्रधान महासचिव डा. नवीन नैन भालसी ने कहा कि भाजपा व जजपा गठबंधन सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है। प्रदेश में बेरोजगारी व क्राइम चरम पर है। हरियाणा में विकास कार्य ठप है। भाजपा ने राजकीय कार्यों का भी पार्टीकरण कर दिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार भी लगातार बढ रहा है। जबकि सरकारी तंत्र प्रदेश सरकार के काबू में नहीं है। प्रदेश में अफसरशाही हावी है। उन्होंने कहा कि जनता इनेलो को ही विकल्प के रूप में चुनकर प्रदेश में इनेलो की सरकार बनाएगी। प्रदेश में इनेलो की सरकार बनते ही युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे तथा गरीब, मजदूर, किसान व व्यपारी सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा।

## प्रधान बने सुल्तान

**पानीपत।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा जिला पानीपत खंड मडलौडा की आम सभा में सुल्तान टामक राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाल जाटान को प्रधान, सुरेंद्र कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला ऊंटला को उप प्रधान, अमन कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला मडलोडा को सचिव, रविकांत राजकीय प्राथमिक पाठशाला खंडरा को सह सचिव, राजीव रोहिल्ला राजकीय प्राथमिक पाठशाला रेरकलां को कोषाध्यक्ष, संदीप कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला कालखा को प्रेस सचिव, बिमला राजकीय प्राथमिक पाठशाला नारा को ऑडिटर, करण सिंह राजकीय प्राथमिक पाठशाला उरलाना कला को संगठन सचिव चुना गया। इस अवसर पर राजवीर, सुरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, पवन कुमार, सुल्तान, राजवीर, राजीव, प्रदीप, रघबीर सिंह व विमला मौजूद थे।

## जन संकल्प यात्रा में देश सेवा का संकल्प लिया

**पानीपत।** विकसित भारत जन संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण छौक्कर का गांव नरायणा सरपंच प्रमोद शर्मा ने बुका देकर स्वागत किया।

छौक्कर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। मुख्य अतिथि ने युवा पीढी का आह्वान किया कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें।

# हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ इकाई के प्रधान बने हरसिमरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। दवा प्रतिनिधि संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी

हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ पानीपत इकाई के चुनाव प्रदेश के संगठन सचिव हरीश अरोड़ा, प्रदेश के महामंत्री विकास बिश्नोई, प्रदेश अध्यक्ष सूरज पाल मान एवं राष्ट्रीय महामंत्री जय प्रकाश कौशिक की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुए। इस बैठक में सर्वप्रथम यूनिट के महासचिव पीसी झा ने हाउस में रिपोर्ट पेश की तदुपरांत कोषाध्यक्ष अनिल कुमार ने अपनी रिपोर्ट को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसके बाद इकाई के अध्यक्ष ने पुरानी कार्यकारिणी कमिटी को भंग किया। बीएमएसआरएम के प्रदेश अध्यक्ष सूरज मान, प्रदेश महा सचिव विकास बिश्नोई एवं चुनाव अधिकारी हरीश अरोड़ा की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। वहीं अध्यक्ष हरसिमरन जोत सिंह, उपाध्यक्ष सुमित खनेजा व गौरव डावर, महासचिव पीसी झा, सहसचिव योगेश सिंगला एवं अमित मजोका, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, सह कोषाध्यक्ष हिमांशु गांधी एवं शैलेंद्र कुमार, संगठन सचिव परवीन रोहिल्ला, लीगल सेक्रेटरी दीपक ग्रोवर रहे।

# पर्यावरण संरक्षण करने का आह्वान किया

- राजकीय स्कूल गांव ददलाना में हर्बन गार्डन बनाने के लिए प्रो.दलजीत को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


ग्रीन मैन प्रो.दलजीत को सम्मानित करते हुए शिक्षाविद् आदि।

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ददलाना में नैनो हर्बल गार्डन स्थापित करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य करने पर देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीन मैन प्रोफेसर दलजीत कुमार को ददलाना स्कूल के मुख्य अध्यापक सतीश कुमार और गांव के सरपंच प्रतिनिधि चरण सिंह राणा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस नैनो गार्डन में रामा, शामा, बद्री, कपूर,,केदार सहित पांच प्रकार की तुलसी, अश्वगंधा, अजवायन, लेमनग्रास, अनार, पत्थर चट, गुलाब, इलाइची, दमाबेल, एलोवेरा, सदाबहार, इन्सुलिन, कड़ीपत्ता, गुलाब, अर्जुन, बहेड़ा, मरुआ, सहजन, अमरूद सहित अनेक प्रजातियों के औषधीय पौधे रोपित किए हैं। सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत सिंह राणा ने कहा कि पानीपत जिले स्कूलों सबसे पहला नैनो- हर्बल गार्डन हमारे ददलाना गांव के स्कूल में प्रोफेसर दलजीत कुमार व स्कूल के मुख्य अध्यापक सतीश कुमार द्वारा बनाना गांव के लिए सम्मान की बात है। आज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अध्यापक सतीश कुमार और सरपंच प्रतिनिधि चरणसिंह राणा द्वारा प्रोफेसर दलजीत कुमार को विद्यालय प्रांगण में नैनो-हर्बल गार्डन स्थापित करने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर दलजीत कुमार ने सभी मेहमानों को केदार तुलसी के औषधीय गुणों से युक्त पौधे वितरित किए और मानसम्मान के लिए मुख्य अध्यापक सतीश कुमार व सरपंच पति चरण सिंह राणा सहित समस्त स्टॉफ का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भगवानदास राणा, प्रोफेसर देवी सिंह सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद रहे।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे मोदी : ढांडा

- ढांडा ने सभी विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। विधायक महिपाल ढांडा जनसुनवाई करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 6 और 11 में बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब आदमी के घर में बीमार व्यक्ति के इलाज की सुदृढ़ व्यवस्था की है। आयुष्मान चिरायु कार्ड से गरीब व्यक्ति के स्वास्थ्य के सपने साकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब आदमी के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड शुरू किया है और प्रदेश सरकार ने 1 लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों के लिए निशुल्क रूप से आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था की है। इन परिवारों का स्वत ही बीपीएल कार्ड और आयुष्मान चिरायु कार्ड बन रहा है। इसके साथ-साथ इन्हें अन्य योजनाओं का लाभ भी स्वत ही मिल रहा है। महिपाल ढांडा ने कहा कि जिन परिवारों की आए एक लाख 80 हजार से लाख तक है वह 1500 देकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं और जब जरूरत पड़े तो अपना इलाज करवा सकते हैं। इस मौके पर पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने सभी विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया और सभी को निर्देश दिए के एक भी आदमी का काम नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे मोदीसभी के साथ जन संवाद भी किया और एक-एक करके सभी सभी की समस्याएं लिखित रूप में स्वीकार की और संबंधित विभागों को अग्रेषित किया।

## कुणाल ने स्टोरी राइटिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया


पानीपत। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के साथ प्रधाचार्य सुमित्रा सांगवान व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं समग्र शिक्षा रीडिंग प्रमोशन प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल खेड़ी में आयोजित की गई। विजेता बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, डीपीसी अनीता डागर, प्रिंसिपल मीनू चौधरी, स्थानीय प्रिंसिपल व जयदीप हैड मास्टर ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय की प्रधाचार्य सुमित्रा सांगवान ने बच्चों को सर्टिफिकेट के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सुमित्रा सांगवान ने बताया कि हमारे विद्यालय की छात्रा दीपांजलि ने गीता जयंती और बाल भवन के प्रोग्राम में राज्य स्तर पर जिले का भाषण प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया था। विद्यालय की छात्रा गरिमा ने स्पेल बी हिंदी में 6जी क्लास में प्रथम स्थान हासिल किया। कुणाल आठवीं कक्षा के छात्र ने स्टोरी राइटिंग में प्रथम स्थान,चाहत 8जी क्लास स्पेल बी इंग्लिश में तृतीय स्थान, राखी 6जी क्लास में तृतीय, मुस्कान 6जी क्लास ने डिबेट कंपटीशन में तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता नवीन मुडांल, कृष्ण सरोहा, मनोज, प्रमोद, जयदेव, मनीष कुमार, राजेश कुमार, कर्मवीर, प्रवीण कुमारी व पूजा आदि मौजूद रहे।




## किड्स डीपीएस स्कूल में मनाया विंटर डे

**कुरुक्षेत्र।** किड्स डीपीएस स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विंटर डे बड़ी उत्सुकता और हर्ष उल्लास से मनाया गया। इसमें बच्चों को सर्दी के मौसम से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारियां दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य साक्षी ने बताया कि सर्दी का मौसम भारत का सबसे बड़ा ठंडा और शानदार मौसम है। इस मौसम में हर जगह ठंडक फैली रहती है। यह मौसम नवंबर से शुरू होता है और फरवरी तक खत्म होता है। शीत ऋतु भारत की चार ऋतुओं में से एक है। इस मौसम में वातावरण घने कोहरे से ढका रहता है और पहाड़ी क्षेत्र भी इस मौसम में बर्फ की चादर से ढक जाते हैं । सर्दी के मौसम में सभी लोग मोटे और ऊनी कपड़े पहनते हैं। इस मौसम में लोग गर्म खाना और गर्म पेय पदार्थ जैसे चाय,कॉफी व सूप पीना पसंद करते हैं। इस मौसम को स्वास्थ्य निर्माण का मौसम भी कहते हैं क्योंकि इस मौसम में ताजी व हरी सब्जियां जैसे मेथी, गाजर , पालक इत्यादि और जूसी फल जैसे अंगूर, संतरा इत्यादि खाने को मिलते हैं जोकि हमारे शरीर में चुस्ती व फुर्ती लाते हैं।

# भारत विकसित राष्ट्र बनने की राह पर: छोक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा नेता संजय छोक्कर देश सेवा की शपथ दिलवाते हुए।

भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को किवाना व ढोडपुर गांव में पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ ली। गांव ढोडपुर में भाजपा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य संजय छोकर ने बतौर मुख्य वक्ता अपना संबोधन देते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। एक ही स्थान पर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर लोगों ने एलईडी वैन के जरिए हरियाणा व राज्य सरकार की उपलब्धियों की लघु फिल्मों को देखा। फिल्मों के जरिए लोगों को सरकार की तमाम उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न विभागों के लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी के अनुभवों को भी साझा किया।

## मुख्याध्यापक जसपाल सिंह को दी विदाई

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाना में कार्यरत मुख्याध्यापक सरदार जसपाल सिंह 38 वर्ष की बेदाग सरकारी सेवा उपरांत हुए सेवानिवृत। वह जिस भी स्कूल में कार्यरत रहे उन्होंने छात्रों को विकसित करने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

विषयः नवीन कुमार पुत्र श्री औम प्रकाश निवासी मकान नम्बर 27 वार्ड-8 पानीपत।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है नवीन कुमार पुत्र श्री औम प्रकाश निवासी मकान नम्बर 27 वार्ड-8 पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता औम प्रकाश पुत्र श्री खन्डा राम की दिनांक 05.01.1991 व माता कमला भाटिया की दिनांक 21.02.2022 को मृत्यु हो चुकी है यह कि औम प्रकाश की माता जमना बाई की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है हरभगवान पुत्र श्री मन्सा राम की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हल्का पटवारी एवं अशोक कटारिया नगर निगम पार्षद वार्ड-7 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है

**1- नवीन कुमार लड़का 2- श्रीमति नीरू लड़की मृतक का अन्य कोई वारिस/ उत्तराधिकारी नहीं है।**

इनके इलावा मृतक औम प्रकाश पुत्र श्री खन्डा का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 27.12.23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

# नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ खेलों में भविष्य संवारें युवा वर्ग : अजीत

- पानीपत युवा खेल महोत्सव का भव्य समापन, 2200 खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। युवा खेल महोत्सव में एसपी अजीत शेखावत के साथ विजेता खिलाडी।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने शनिवार को पानीपत युवा खेल महोत्सव के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई। वहीं, पानीपत युवा खेल महोत्सव के समापन समारोह में एसपी अजीत बतौर मुख्य अतिथि व पदम श्री अवार्डी नेशनल पैरा एथलेटिक्स सुमित अंतिल जेवलिन थ्रोअर ने विशिष्ट अतिथि रहे। एसपी अजीत ने युवा शक्ति समाज की नहीं देश की ताकत हैं। देश में अधिकतर युवा हैं। भारत विश्व का सबसे युवा देश माना जाता है। युवा शक्ति को सार्थक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इससे समाज व देश दोनों को मजबूती मिलेगी। समाज में आज नशा का दुष्प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। समाज में काफी नशे की चपेट में आ चुके हैं। उनको नशे से दूर रहकर समाज में अपना सार्थक योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों और शिक्षा में अपना बल लगाना चाहिए। वहीं, सिवाह ग्राम पंचायत की सरपंच सुनीता कादियान ने अतिथियों का स्वागत किया और विजेताओं को नगदी देर पुरस्कत किया। एएसपी मयंक मिश्रा व खेलों के नोडल अधिकारी उप पुलित अधीक्षक सतीश गौतम ने युवाओं को खेलों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर प्रोत्साहित किया।

*__ये रहे खेलों के परिणामः__ वॉलीबॉल शूटिंग पुरुषों में पहले स्थान पर गांव बाल जाट्टान, दूसरे स्थान पर गांव शाहपुर व तीसरे स्थान पर मुखीजा कॉलोनी की टीम रही। वॉलीबॉल स्मैशिंग पुरुषों में पहले स्थान पर गांव भादड़, दूसरे स्थान पर हनुमान एकेडमी गांव भादड़, तीसरे स्थान पर खेल नर्सरी भादड़ व चौथे स्थान पर गांव पट्टीकल्याणा की टीम रही। वॉलीबॉल स्मैशिंग महिलाओं में पहले स्थान पर नव ज्योति मॉडल स्कूल, दूसरे स्थान पर गांव जलालपुर, तीसरे स्थान पर जलालपुर प्रथम नर्सरी व चौथे स्थान पर गांव भादड़ की टीम रही। कबड्डी पुरुषों में पहले स्थान पर गांव बुड़शाम, दूसरे स्थान पर नौल्था व तीसरे स्थान पर जिला पानीपत पुलिस की टीम रही। कबड्डी महिलाओं में पहले स्थान पर गांव डाहर व दूसरे स्थान पर गांव आटा की टीम रही। रस्साकशी पुरुषों में पहले स्थान पर गांव सिवाह, दूसरे स्थान पर गांव छाजपुर खुर्द व तीसरे स्थान पर गांव नौल्था की टीम रही। रस्साकशी महिलाओं में पहले स्थान पर गांव डाहर, दूसरे स्थान पर गांव मतलौडा व तीसरे स्थान पर गांव राजाखेड़ी की टीम रही। पुरुषों की 100 मीटर रेस में हर्ष दीक्षित पट्टीकल्याणा प्रथम, सागर रिसालू द्वितीय व उपेंद्र बापौली तृतीय स्थान पर रहा।*

# होलसेल कपड़ा मार्केट में जमीन सबसे महंगी, अब यहां कलेक्टर रेट 1.77 लाख प्रति वर्गगज करने का प्रस्ताव

## प्रशासन की ओर से मांगी आपत्तियां, प्रॉपर्टी कारोबारियों के साथ राजनीतिक दलों ने शुरू किया विरोध

### कई रिहायशी कॉलोनियों में कलेक्टर रेट में 25 से 80 फीसदी बढोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी में प्रस्तावित कलेक्टर रेट का विरोध शुरू हो गया है। वर्ष 2024-2025 के लिए प्रत्येक क्षेत्र में प्रस्तावित कलेक्टर रेट में 25 से 300 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी सहित कई ऐसी रिहायशी कॉलोनियां हैं जहां कलेक्टर रेट वहां के वास्तविक रेट से अधिक है। ऐसे मे कलेक्टर रेट में फिर से वृद्धि होने से प्रॉपर्टी कारोबार पर बुरा असर पड़ने की बात कही जा रही है। साथ ही गरीब व्यक्ति के लिए अपने आशियाने का सपना भी साकार होता नजर नहीं आ रहा है।

### क्षेत्र के वास्तविक रेट चेक किया जाए

पिछले वर्ष अंबाला छावनी की डिफेंस कॉलोनी के रिहायशी क्षेत्र के कलेक्टर रेट 5,000 रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति वर्ग गज किए गए थे। साथ ही व्यवसायिक क्षेत्र के कलेक्टर रेट 9,500 रुपये प्रति वर्ग गज से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति वर्ग गज कर दिए गए थे। अब फिर से जो प्रस्तावित कलेक्टर रेट हैं उनमें लगभग सभी क्षेत्रों में वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। डिफेंस कॉलोनी के कई क्षेत्रों में अब भी प्लाट 2,000 रुपये प्रति वर्ग गज से लेकर 3,000 रुपये प्रति वर्ग तक उपलब्ध है लेकिन यहां कलेक्टर रेट का 10,000 प्रति वर्ग गज करने का प्रस्ताव है। इसी तरह अंबाला छावनी सदर क्षेत्र की रजिस्ट्री बंद होने के बावजूद यहां भी कलेक्टर रेट बढ़ाने का प्रस्ताव है। इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि अंबाला छावनी में मलबे की रजिस्ट्री होती थी जबकि रजिस्ट्री के में मलबे के मूल्य मे भूमि की कीमत जोड़कर कलेक्ट्रेट लगाया जाता है। जनता लुट रही है और सभी चौकीदार मौन हैं। कहा कि कलेक्टर रेट में ये वृद्धि से कुछ नेताओं के निजी फायदे हो सकती है लेकिन आमजन को इससे नुकसान ही होगा। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की रजिस्ट्री में तो सरकार ने पहले ही स्टांप ड्यूटी जो 3% थी उसे 5% कर दिया है और जो 5% थी उसे 7% कर दिया है। यह वृद्धि पहले ही किसानों को प्रभावित कर रही है। सरकार से मांग की कि खेती-बाड़ी की जमीन के लिए स्टांप ड्यूटी सबके लिए 3% की जाए और प्रस्तावित कलेक्टर रेट लागू किए जाने से पहले उस क्षेत्र के वास्तविक रेट जरूर चेक किया जाए।


अंबाला। होलसेल कपड़ा मार्केट में देव समाज कॉलेज रोड का दृश्य।

### बादशाही बाग कॉलोनी में 78 फीसदी से ज्यादा बढ़ौतरी

यहां सबसे महंगी प्रॉपर्टी

व्यवसायिक प्रॉपर्टी के रेटों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी अंबाला शहर के बादशाही बाग कॉलोनी में हुई। यहां 78 फीसदी से ज्यादा बढ़ौतरी की गई। अंबाला शहर के सेक्टर एक को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में कलेक्टर रेट 40 हजार रुपये प्रति वर्ग गज कर दिया गया। अंबाला शहर की देव समाज कॉलेज रोड पर प्रॉपर्टी सबसे ज्यादा महंगी हो गई। यहां कलेक्टर रेट 1.44 लाख से बढ़ाकर 1.77 लाख कर दिया गया है। सेक्टर सात की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कलेक्टर रेट 40 से 50 हजार प्रति वर्ग गज कर दिया गया। जबकि सैक्टर 8, 9 व 10 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कलेक्टर रेट 25 हजार से बढ़ाकर 40 हजार रुपये प्रतिगज कर दिया गया। व्यवसायिक प्रॉपर्टी के मामले में प्रेमनगर में 50 हजार से बढ़ाकर कलेक्टर रेट 71 हजार वर्गगज से ज्यादा किया गया है। कांग्रेस भवन के पास 75 हजार से बढ़ाकर रेट करीब 95 हजार वर्गगज किया गया है। इसी तरह शालीमार मार्केट में 1.20लाख से बढ़ाकर 1.32 लाख वर्गगज किया गया है। न्यू बस्ती में 90 हजार से बढ़ाकर 1.10 लाख रुपये प्रति गज से ज्यादा रेट हो गया है। मानव चौक से दुर्गानगर तक 40 हजार से बढ़ाकर कलेक्टर रेट 50500 रुपये प्रतिवर्ग गज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने खेलकूद में हिस्सा लिया

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में खेल विभाग द्वारा इंटर हाउस गेम्स करवाई गई। कक्षा प्री नर्सरी से दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच में दौड़, तीसरी से पांचवी के बीच में दौड़ व कस्सी करवाई गई। छठी से आठवी के बीच में रस्साकशी व क्रिकेट के मैच करवाए गए। नौवीं से बाहरवी के बीच में रस्साक्शी के मैच करवाए गए। सभी प्रतियोगिताएं इंटर हाउस करवाई गई। स्कूल प्रिंसिपल वरिंदर कौर एवं वाइस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने विजेता बच्चों को बधाई दी।

### गन्ने की बकाया पेमेंट सुनिश्चित करें सरकार

**अंबाला।** सुप्रीमकोर्ट ने नारायणगढ़ शुगर मिल के कुर्की आदेश जारी किए हैं। किसानों की गत व मौजूदा वर्ष की पेमेंट तथा फसल ऋण सहित करीब 125 करोड़ रूपये की पेमेंट शुगर मिल की ओर बकाया है। प्रशासन द्वारा किसानों को अंधेरे में रखा गया। विधायक वरुण चौधरी ने ने कहा कि मौजूदा सरकार किसानों की मांगों की अनदेखी कर रही है।

### बुनियाद के लिए किया रजिस्ट्रेशन

**अंबाला।** राजकीय आदर्श संस्कृत वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय समलेहड़ी में विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से खंड स्तर पर सुपर 100 वह बुनियाद रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खंड साहा के सभी वद्यिालयों से मेधावी छात्रों अपने स्कूल मुखिया सहित रजिस्ट्रेशन कराने हेतु पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश , विकल्प फाउंडेशन के आईआईटियन राकेश, पूजा शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण उपस्थित रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**अंबाला।** पंडित केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को खेड़े वाली धर्मशाला मनमोहन नगर में सुबह 10 से 2 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड , लिपिड प्रोफाइल , एचबी समेत कई टेस्ट निःशुल्क किए जाएंगे। साथ ही परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए जाएंगे।

### बुढ़ाखेड़ा से पंप की मोटर चोरी

**जुलाना।** जुलाना के क्षेत्र के बुढ़ाखेड़ा गांव से पंप की मोटर चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुढ़ाखेड़ा गांव निवासी बलजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 दिसंबर की रात को उसके पंप की मोटर चोरी हो गई। जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रूपये थी।

### संदिग्ध हालात में दो लडकियां लापता

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से महिला तथा युवती के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव झांज कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 दिसंबर को उसकी 25 वर्षीय पत्नी संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नहीं लगा।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में दो दिवसीय रंगारंग वार्षिक उत्सव संपन्न

# विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मचाई धूम, गिद्दा पर जमकर झूमे

### रिटायर्ड जस्टिस प्रीतमपाल ने निभाई मुख्यअतिथि की भूमिका छठी से 12वीं तक के छात्रों को पुरस्कार वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मुरलीधर डीएवी वद्यिालय मे वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गीता जयंती के उपलक्ष्य मे ही इसका विषय अभ्युत्थानम रखा गया। इस दूसरे दिवस के वार्षिक उत्सव में मुख्यअतिथि की भूमिका रिटायर्ड जस्टिस प्रीतम पाल ने की जबकि प्रबंधन समिति के डॉ. विवेक मल्होत्रा भी विशेषतौर पर मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरआर सूरी व स्थानीय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा मुख्यअतिथि का पुष्प माला पहना कर विद्यालय के मुख्य द्वार पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा हवन व विभिन्न क्लब रोबोटिक्स, इको, लीगल लिटरेसी क्लबों द्वारा विभिन्न गतिविधियां, आर्टिफीसियल इंटेलीजेंसी व कोडिंग प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। हेरिटेज क्लब द्वारा हमारी भारतीय संस्कृति धरोहर प्रदर्शित की गई। रथ पर श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता उपदेश देते हुए रथ पर झांकी प्रस्तुत की गई। स्कूल के बैंड द्वारा विद्यालय के प्रांगण द्वार पर लाकर छात्रों द्वारा तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। गायत्री मन्त्र द्वारा ज्योति प्रज्वलन करते हुए डी ए वी गान गाकर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। सर्वप्रथम शिव वंदना, अंग्रेजो का भारत में आगमन, मंगल पांडे द्वारा विद्रोह व झाँसी की रानी की क्रांति दिखलाई गई। स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन व भारतीय स्वतंत्रता संग्राम मे उनका योगदान एक लघु नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया। भगत सिंह का हंसते हंसते शहीद होना व वन्दे मातरम प्रदर्शित किया गया। विशेष अतिथि डॉ. विवेक मल्होत्रा ने छात्रों द्वारा किए गए कार्यक्रम की प्रशंसा की। मुख्यअतिथि व विशेष अतिथि की ओर से विद्यालय की पत्रिका प्रतिबिंब का विमोचन किया गया। स्कूल की गणित अध्यापिका गौरी वंदना द्वारा लिखित वैदिक मैथ्स पुस्तक का विमोचन किया गया। जस्टिस प्रीतम पाल सिंह ने कहा कि बच्चो के भविष्य निर्माण में अध्यापक व अभिभावकों का सम्मश्रिति प्रयास होता है। माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चो के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करे। डीएवी संस्थाएं छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक व मानवीय मूल्य भी प्रदान करती है। उन्होंने कार्यक्रम को अत्यंत सराहा व शुभकामनाएं। विद्यालय की छात्राओं द्वारा भंगड़ा प्रस्तुत किया जिसने समा बांध दिया। कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।


अंबाला। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र व कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यअतिथि। फोटो : हरिभूमि


अंबाला। छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक करते डॉ. अशोक वर्मा।

# नशे से प्रत्येक 4 सैकेंड में एक व्यक्ति की मौतः वर्मा

- हरियाणा राज्य नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी बोले नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस कर रही है ठोस कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है। नशे में ग्रस्त युवा पीढ़ी मिलकर सबको बचानी है। है सच्चाई नशा बुराई यह बात जन जन तक पहुंचानी है। ये बात हरियाणा राज्य नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने राजकीय वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय बीसी बाजार अंबाला छावनी में वद्यिार्थियों को संबोधित करते हुए कही। वे नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। वर्मा ने उपस्थित समूह को कहा कि प्रत्येक 4 सैकेंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है। उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा स्टेट नारकोटक्सि कंट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। ब्यूरो द्वारा पिछले 11 माह में 3471 अभियोग अंकित किए गए हैं जिसमें 4670 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। नशे के कारोबार में संलप्ति अपराधियों के साथ साथ उनके सहयोगियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। उन्होंने गायन के माध्यम से भी वद्यिार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया। 9050891508 पर नशे के अपराधियों की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रेरित किया।

### ड्राइंग कंपीटिशन में डीएन मॉडल स्कूल अव्वल

**जींद।** ऑल इंडिया ड्राइंग कंपीटिशन में डीएन मॉडल स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा। युवा मास्टर स्ट्रोक द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ड्राइंग कंपीटिशीन में तीन ग्रुरप शामिल हुए। तीनों ही ग्रुप में बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा। ग्रुप ए में तीसरी कक्षा की छात्राएं दिप्ती और समीक्षा ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं ग्रुप बी में कक्षा छठी के छात्रों तन्मय, हर्ष व हिमांशु ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में शामिल नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों भावना व प्राची ने पहला, रोक्सी, शुभम ने दूसरा व जय ने तीसरा स्थान प्राप्त करके सफलता हासिल की। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन के लिए शनिवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र ढिल्लो ने बच्चों को पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान

- प्रशासन की ओर से जारी की एडवाइजरी, बुजुर्ग व बच्चों का खास ध्यान रखने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला प्रशासन की ओर से सर्दी व घने कोहरे को देखते हुए लोगों से सावधानी बतरने का अनुरोध किया गया है। साथ ही कोहरे के कारण वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया है। उपायुक्त डॉ. शालीन ने लोगों को सर्दी से बचाव के लिए एतिहात बतरने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि इन दिनों क्षेत्र में शीतलहर व कड़ाके की ठंड पड़ रही है। थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीत घात से बचा जा सकता है। शीत-घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी, समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में मौसम कैसा रहेगा। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों और खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नाक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभन्नि बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बल्किुल न लगे। शरीर की गरमाहट बनाए रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। हाथों में दस्ताने रखें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जितना अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाएं। वाहन चालकों को आगे जाने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए।

# आरपीएस स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट आज

### स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि :शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं।

परीक्षा में कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर 150 विद्यार्थियों का चयन आरपीएस ग्रुप करेगा जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। परीक्षा में कक्षा तीसरी से छठी तक ईवीएस, अंग्रेजी, मैथ के 20-20 प्रश्न कक्षा स्तर के आधार पर पूछे जाएंगे ।



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल का भवन।

### जनता परेशान, सत्ताधारी खेल रहे कमीशन का खेल : भारद्वाज

**जींद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघवीर भारद्वाज ने कहा कि जहां किसान, कमेरा, मजदूर, व्यापारी और दुकानदार आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएं उसकेसाफ तौर पर मायने निकलते है कि वहा की सल्तनत को संभालने वाले नकारा हो चुके हैं। आज जींद ही नहीं पूरे हरियाणा के लोग गठबंधन सरकार से परेशान चल रहे है। प्रोपर्ट्री आईडी, परिवार पहचान पत्रों में सरकार ने जिंदगी को उलझा कर रख दिया है। सत्ताधारी, कमीशन-कमीशन का खेल खेलने में मशगूल हैं और जनता परेशानी के आंसू निकाल रही है। कांग्रेस नेता रघवीर भारद्वाज अपराही मोहल्ला में स्थानीय लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान लोगों ने सीवरेज, गलियों की समस्या, प्रोपर्ट्री आईडी की आड़ में चल रहे भ्रष्टाचार के खेल को लेकर अपना दुखड़ा सुनाया। इस मौके पर प्रधान धर्मपाल, आनंद कुमार, चांद, प्रेम प्रकाश, ईश्वर, राजकुमार आदि मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने इस दौरान कांग्रेस नेता रघवीर भारद्वाज का फूलों की मालाओं से स्वागत किया। भारद्वाज ने कहा कि जन हितो से जुड़े मसलो को लेकर सत्ताधारी गूंगे और बहरे हो चुके हैं। सत्तासीनों को लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। यही कारण है कि हर वर्ग आंदोलनरत नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारियों की नकारा सोच के कारण जींद के व्यापारी और दुकानदार आंदोलन करने पर मजबूर हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## डीईईओ बिना सूचना के पहुंचे मुआयना करने

# छह खंडों के स्कूलों को 48 हजार किताबें वितरित

- कड़ाके की ठंड व छुट्टी होने के बावजूद शिक्षा अधिकारी ने पुस्तक वितरण केंद्र में कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सरकारी कार्यालयों में छुट्टी थी। ठंड के साथ गहरी धुंध का भी हर जीवन पर असर पड़ रहा है। ऐसे में साल के अंतिम कार्य दिवस की सुबह जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा अचानक राजकीय वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय जलबेहड़ा में पहुंच गए। यहां पुस्तक वितरण केंद्र स्थापित किया गया है। यहां उन्होंने एपीसी अनिल जगदेव की निगरानी में चल रहे डीपीसी कार्यालय के पुस्तक वितरण केंद्र में विभिन्न खंडों को वितरित की जा रही नैतिक शिक्षा विषय की पुस्तकों की व्यवस्था का मुआयना किया। स्पोर्ट्स किट में होने की वजह से डीईओ को यहां कोई नहीं पहचान पाया। इसके बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न खंडों से आए प्रतिनिधियों को गणना के पश्चात कक्षानुसार दी गई किताबें की कार्रवाई को देखा। उन्होंने खुद इस बात की जांच की कि उनके वाहन में किताबें लोड करवाने के पश्चात उनसे पुस्तक प्राप्ति रजिस्ट्रर में हस्ताक्षर करवाए गए या नहीं। इस सारे कार्य में पुस्तक वितरण टीम को विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता रानी, एबीआरसी मीनू तथा विद्यालय के सेवादारों द्वारा भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। इस केंद्र से जिले के सभी छह खंडों के कक्षा 6 से 12 के सभी बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा विषय की कुल 47561किताबें वितरित की गई। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी खंडों से आए प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वितरित की गई सभी किताबों को संबंधित स्कूलों में 1 जनवरी तक अवश्य पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि ये किताबें सभी बच्चों को निशुल्क दी जानी हैं।


अंबाला। पुस्तक केंद्र में वितरण का मुआयना करते डीईओ सुधीर कालड़ा।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को संस्कृति बोध परियोजना के तहत छात्रों के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा चौथी से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने परीक्षा दी। छात्रों के भविष्य निर्माण की दृष्टि से इस परीक्षा का आयोजन विद्या भारती हरियाणा के उत्कृष्ट दृष्टिकोण का सबसे बड़ा उदाहरण है। परीक्षा की तैयारी नित्यप्रति वंदना सत्र के बाद छात्रों की दिनचर्या को आरंभ करने के साथ की जाती है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों का महत्व आईएएस जैसी परिक्षाओं से कम नहीं है। विद्यालय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमुख मुकेश ने कहा कि छात्रों का जीवन संस्कारमय बना रहे, ऐसी आशा के साथ प्रतिवर्ष विद्या भारती संबद्ध विद्यालयों में इस परीक्षा का आयोजन करवाती है। संस्कृति बोध परियोजना का उद्देश्य विभिन्न विधाओं में छात्रों को निपुणता प्रदान करना होता है। इसलिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा सभी विषयों का आधार मानी जाती है। प्राचार्य बलबीर ने कहा कि विद्या भारती सदैव हर तरह से छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए चिंतनशील रहती है।